राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–189/2024

स्वच्छता को अपनी आदत और स्वभाव बनाएँ –राज्यपाल

पटना, 19 सितम्बर, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने पटना शहर को कचरा मुक्त बनाने हेतु नगर विकास एवं आवास विभाग द्वारा बापू सभागार, पटना में आयोजित पटना नगर निगम के कार्यक्रम ''मिशन टोटल सेग्रीगेशन'' की शुरुआत की।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता जीवन भर के लिए हमारी आदत और स्वभाव बनना चाहिए। बिहार को स्वच्छ बनाने के लिए सरकार प्रयत्नशील है। इस कार्य में अपनी व्यक्तिगत सहभागिता सुनिश्चित करना हम सबकी जिम्मेदारी है। हम संकल्प लें कि स्वच्छता के मामले में पटना प्रथम स्थान पर हो। हम अपने घर में डस्टबीन जरूर रखें। स्वच्छता अभियान में हम खुद तो सहभागी बनें ही, अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

राज्यपाल ने कहा कि संकल्प केवल बोलने के लिए नहीं बल्कि कर के दिखाने के लिए होता है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने 10 वर्ष पूर्व स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लालकिला के प्राचीर से पहली बार स्वच्छता का संकल्प लिया। ऐसे अवसर पर प्रायः सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों की घोषणा की जाती है, किन्तु प्रधानमंत्री ने स्वच्छता अभियान, शौचालय आदि की चर्चा कर हमारी निजी व्यवस्था के बारे में चिंता की।

इस अवसर पर राज्यपाल ने वाहन साथी पंजीकरण सह कुड़ा पृथक्करण पंजी का विमोचन किया। उन्होंने उपस्थित लोगों को स्वच्छता शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम को बिहार विधान सभा के माननीय अध्यक्ष श्री नंद किशोर यादव, माननीय उप मुख्यमंत्री श्री सम्राट चौधरी एवं श्री विजय कुमार सिन्हा, नगर विकास एवं आवास मंत्री श्री नितिन नवीन, पूर्व केन्द्रीय मंत्री एवं सांसद श्री रविशंकर प्रसाद, विधायक श्री अरूण कुमार सिन्हा, विधायक श्री संजीव चौरसिया, पटना नगर निगम की महापौर श्रीमती सीता साहू, नगर विकास एवं आवास विभाग, बिहार के सचिव श्री अभय कुमार, नगर आयुक्त श्री अनिमेष कुमार पराशर एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर पटना नगर निगम की उप महापौर श्रीमती रेशमी कुमारी, अपर नगर आयुक्त श्री राजन सिन्हा, स्टेक होल्डर्स, वार्ड पार्षदगण, विद्यार्थीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....